श्री पप्पु कुमार वर्मा, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-18/2/1957 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कुरथा विधानसभा अंतर्गत वंशी प्रखण्ड में नेनुआ नाला पर बांध निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण आम जनता को परेशानी होती हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर कबतक बाँध निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि सोन उच्चस्तरीय मुख्य नहर के कि०मी० 63.98 (बायाँ) से भगवतीपुर वितरणी निःसृत होती है, जिसकी कुल लंबाई 19.269 कि०मी० है। भगवतीपुर वितरणी के कि०मी० 16.835 पर नेनुआ नाला पार करती है एवं इसके बाद भगवतीपुर वितरणी के कि०मी० 17.08 से कि०मी० 17.31 के बीच कुल 225.55 मीटर की लम्बाई में नहर बाँध निर्माण कराया जाना शेष है। प्रश्नगत स्थल के निरीक्षण के दौरान माननीय सदस्य से दूरभाष पर हुई वार्ता में उनके द्वारा नेनुआ नाला के बाद नहर गैप का निर्माण कार्य कराने की आवश्यकता बताई गयी, ना कि नेनुआ नाला पर बाँध बनाने की। उक्त के आलोक में स्थिति यह है कि अरवल जिला के वंशी प्रखण्ड में नेनुआ नाला के निकट अवस्थित नहर गैप भाग की भू-अर्जन की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए नहर निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया जा चुका है। निविदा संबंधित सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए कार्य को जून-2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–05/2026 पटना/दिनांक ....

प्रतिलिपि :–उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को तारांकित प्रश्न सं0–18/2/1957 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–05/2026 पटना/दिनांक :..

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–05/2026 पटना/दिनांक :..

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, अंचल–3, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–05/2026 1392 पटना/दिनांक :12/3/26

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/3/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव